तापमान

अधिकतम 34.0 डिग्री

न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि

# मध्यांचल भूमि

रायपुर, सोमवार 22 जून 2026



11 योगाभ्यास कर दिया गया स्वस्थ जीवन जीने का संदेश





12 श्रमिकों ने कार्यस्थल पर किया योगाभ्यास...











## खबर संक्षेप

### जनप्रतिनिधियों और छात्रों ने किया योगाभ्यास



खरोरा। इस कार्य क्रम में छात्र छात्राओं एवं टीचर्स के साथ ग्राम के सरपंच विनय वर्मा, जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि एवं पूर्व सरपंच भाजपा नेता सुरेंद्र वर्मा, उपसरपंच वेदप्रकाश वर्मा, एस एम डी अध्यक्ष शेष नारायण वर्मा, पंच गण, एवं ग्राम के प्रबुद्ध नागरिक सम्मिलित हुए। योग प्रशिक्षक अजय भारद्वाज ने सूक्ष्म व्यायाम से लेकर योग के कठिन आसनों को आसानी से करवाया। भस्त्रिका प्राणायाम, भ्रामरी प्राणायाम, कपालभाती, शीतकारी, अनुलोम-विलोम प्राणायाम से होने वाले लाभ के बारे में बताया। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए योग करें। संस्था की प्राचार्य सुशीला वर्मा ने कहा कि योग एवं ध्यान को अपनी जीवन शैली का हिस्सा बनाना आवश्यक है। कार्यक्रम के अंत में प्रतिदिन योग करने के लिए शपथ लिया गया।

### बिलाईगढ़ कॉलेज में मनाया योग दिवस



बिलाईगढ़। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शासकीय शहीद वीर नारायण सिंह महाविद्यालय बिलाईगढ़ में शनिवार को योग कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में योग के महत्व एवं उसके स्वास्थ्य लाभों पर प्रकाश डालते हुए नियमित योगाभ्यास का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक योगाभ्यास के साथ हुआ, जिसमें उपस्थित सभी लोगों ने विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. उमाकांत मिश्र ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाता है। उन्होंने सभी से योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। योग दिवस कार्यक्रम में राजकुमार जांगड़े, महाविद्यालय के अध्यापक-अध्यापिकाएं, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। सभी प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह एवं अनुशासन के साथ योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संकल्प लिया। कार्यक्रम का वातावरण सकारात्मक ऊर्जा और उत्साह से परिपूर्ण रहा। अंत में उपस्थित सभी लोगों ने योग के माध्यम से स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया।

### 4-5 जुलाई को आईआईएम में मंत्रियों की ट्रेनिंग

**रायपुर।** उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा, सुशासन एवं अभिसरण विभाग चिंतन शिविर का आयोजन करता है। मंत्री होने के नाते चिंतन शिविर का लाभ मिलता है। पिछले दो बार हुए चिंतन शिविर से बहुत लाभ हुआ है। 4 और 5 जुलाई को चिंतन शिविर आईएमएम में प्रस्तावित है। विभिन्न विषयों के विशेषज्ञ प्रशिक्षण में मार्गदर्शन देंगे। सुघ्घर छत्तीसगढ़ अभियान पर उन्होंने कहा, जानकारी के अभाव में बहुत लोग योजनाओं से वंचित रह जाते हैं।







**योग दिवस : कृषि उपज मण्डी परिसर में जिला स्तरीय योगाभ्यास, स्वस्थ शरीर व नशामुक्ति का लिया संकल्प**

# योग शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य का सशक्त माध्यम : बृजमोहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

12 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार 21 जून को जून को जिला स्तरीय योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन नवीन कृषि उपज मण्डी परिसर बलौदाबाजार में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल,विशिष्ट अतिथियों,अधिकारी-कर्मचारी एवं स्कूली बच्चों की उपस्थिति में ''स्वस्थ्य आयु के लिए योग'' आधारित थीम पर सामूहिक योगाभ्यास किया गया। इस अवसर पर सांसद श्री अग्रवाल ने स्वस्थ शरीर व नशामुक्ति की शपथ दिलाई। सांसद श्री अग्रवाल ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की बधाई देते हुए कहा क्रि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर आज विश्व के लगभग 177 देश के कोने कोने में योगाभ्यास किया जा रहा है। योग भारत की प्राचीन जीवन पद्धति है जिसमें वसुधैव कुटुंबकम की भावना समाहित है। योग ने केवल शारीरिक व मानसिक स्वस्थ को संतुलित करने का माध्यम है बल्कि जीवन में खुशहाली व समृद्धि भी लाता है। आज की भाग दौड़ भरी जिंदगी में बच्चे और युवा फ़ास्ट फ़ूड में ज्यादा रूचि लेते हैं,जिम जाते हैं। इस खान-पान से हमारा शरीर स्वस्थ नहीं रहता जिससे मानसिक तनाव उत्पन्न होता हैं। उन्होंने कहा क्रि सभी अधिकारी - कर्मचारी और विद्यार्थी योग को अपने दिनचर्या में शामिल करें,योग हमें निरोग और ख़ुशी प्रदान करता है।




## योग हमारा अमूल्य धरोहर : कलेक्टर

कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने कहा क्रि योग हमारा अमूल्य धरोहर है। योग से तन-मन स्वस्थ होने के साथ ही अनुशासन और संयम सिखाता है। जीवन में शांति और समृद्धि के लिये ये सभी जरुरी है। योग को डेली रूटीन में अवश्य शामिल करना चाहिए। सामूहिक योगाभ्यास के दौरान योग प्रशिक्षक दीपांशु प्रसून वर्मा एवं टीम के द्वारा योग विभिन्न योग आसनों एवं प्राणायाम का निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार अभ्यास कराया गया। इसमें ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, भुजंगासन, वज्रासन, पवनमुक्तासन, अर्ध चक्रासन, शवासन, अनुलोम-विलोम, कपालभाति एवं ध्यान सहित अनेक योग क्रियाएं शामिल हैं। इस अवसर पर नागरिकों को पौधे भी वितरित किये गये। जिला स्तरीय कार्यक्रम के साथ ही जिले के सभी विकासखंड,नगर पंचायत,ग्राम पंचायतों में भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया।

### ये रहे शामिल

इस अवसर पर पूर्व विधायक डॉ.सनम जांगड़े, पुलिस अधीक्षक ओपी शर्मा, डीएफओ गणवीर धम्मशील, भारत स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, जिला अध्यक्ष आनंद यादव, योगेश अग्रवाल, टेसू लाल धुरंधर, रेवा राम साहू सहित जिला प्रशासन के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

## न्यायिक अधिकारियों व वकीलों ने किया योगाभ्यास

बलौदाबाजार। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर, बलौदाबाजार में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अब्दुल जाहिद कुरैशी के मार्गदर्शन में किया गया। इसका उद्देश्य न्यायिक अधिकारियों, कर्मचारियों और अधिवक्ताओं के बीच योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम में न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय राजभान सिंह, प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश राकेश वर्मा, विशेष जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश (पॉक्सो) ग्रिजेश प्रताप सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट गिरीश पाल सिंह, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव आलोक पांडेय, न्यायिक मजिस्ट्रेट द्विजेंद्र नाथ ठाकुर, काम्या अय्यर एवं सारिका नंदे सहित न्यायालय के अन्य न्यायाधीशों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इसके अलावा न्यायालय के अधिकारी-कर्मचारी, अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य तथा बड़ी संख्या में अन्य लोग भी शामिल हुए। योगाभ्यास का संचालन योग प्रशिक्षक अधिवक्ता गणेश बाघमार एवं दीपक कुमार पटेल ने किया। उन्होंने उपस्थितजनों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान की विधियों का अभ्यास कराया तथा नियमित योग के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि योग व्यक्ति को स्वस्थ रखने के साथ-



साथ तनावमुक्त और संतुलित जीवन जीने में भी सहायक होता है। इस अवसर पर न्यायाधीश राजभान सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि नियमित योगाभ्यास से कार्यक्षमता, एकाग्रता और मानसिक संतुलन में वृद्धि होती है। उन्होंने सभी से योग को दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का आह्वान किया।कार्यक्रम के दौरान सभी प्रतिभागियों ने योगाभ्यास कर स्वस्थ एवं निरोग जीवन के लिए नियमित रूप से योग करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण और उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। अंत में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव आलोक पांडेय ने सभी न्यायाधीशों, अधिवक्ताओं, कर्मचारियों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहयोग देने वाले सभी लोगों की सराहना की।

# केबल वायर चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

प्रार्थी घनश्याम कोसरे उम्र 47 वर्ष, निवासी तरपोंगा, द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि गत 20 जून की रात करीब 09:30 बजे वह अपने तरपोंगा खार स्थित बाड़ी के बोर को बंद कर घर चला गया था। अगले दिन सुबह करीब 08:30 बजे जब प्रार्थी पुनः अपनी बाड़ी पहुंचा, तो उसने देखा कि बाड़ी के पास रोड के किनारे एक पुरानी इस्तेमाली बिना नंबर की टीव्ही एस एक्सेल मोपेड खड़ी थी। बाड़ी के अंदर जाकर जब उसने बोर चालू किया तो वह बंद था। जांच करने पर पता चला कि बोर का केबल कटा हुआ था। उसी दौरान प्रार्थी ने देखा कि एक अज्ञात व्यक्ति बोर का करीब 70 मीटर कीमती केबल वायर कीमत लगभग 10,500 रुपये चोरी कर सफेद रंग की प्लास्टिक बोरी में भरकर ले जा रहा था। प्रार्थी द्वारा शोर मचाने एवं पुलिस तत्काल सूचना देने पर आसपास ग्रामीणों की मदद से घेराबंदी कर उक्त संदेही को मौके पर ही धर दबोचा गया। पकड़े गए व्यक्ति से पूछताछ करने पर अपना नाम इस्त्रायल मसीह उर्फ मुकुल निवासी



जनकपुर विश्रामपुर थाना सिमगा बताया गया। तलाशी लेने पर उसके पास मौजूद सफेद बोरी से चोरी का केबल वायर और केबल काटने में प्रयुक्त एक टांगिया बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अपराध कायम कर धारा 303 (2) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

# किराना दुकान से एक किलो गांजा बरामद, युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

ग्राम डमरू में दबिश देकर दुकान की आड़ में गांजा बेच रहे एक शातिर आरोपी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से भारी मात्रा में मादक पदार्थ जब्त किया गया है। जानकारी के अनुसार, दिनांक 20 जून को कोतवाली पुलिस को मुखबिर के जरिए पक्की सूचना मिली कि ग्राम डमरू का निवासी चन्द्रकुमार पैकरा अपनी दुकान में अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा रखकर ग्राहकों को खपा रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए थाना सिटी कोतवाली पुलिस की एक विशेष टीम गठित कर त्वरित कार्रवाई हेतु ग्राम डमरू रवाना की गई। पुलिस टीम ने मुखबिर के बताए स्थान पर स्थित दुकान की चारों तरफ से घेराबंदी



कर अचानक दबिश दी। दुकान में मौजूद संदेही चन्द्रकुमार पैकरा को हिरासत में लेकर गवाहों के समक्ष उसकी दुकान की सघन तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान दुकान के काउंटर के नीचे छिपाकर रखी गई एक सफेद रंग की प्लास्टिक झिल्ली बरामद हुई, जिसे खोलने पर उसके भीतर अवैध मादक पदार्थ गांजा पाया गया। पुलिस द्वारा तौल कराने पर आरोपी के पास से कुल 01 किलोग्राम 90 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ, जिसकी बाजार में अनुमानित कीमत करीब 10,000 रुपये आंकी गई है। पुलिस ने मौके पर ही मादक पदार्थ को सील कर जब्त कर लिया।

### एनडीपीएस एक्ट के तहत कठोर वैधानिक कार्रवाई

आरोपी चन्द्रकुमार पैकरा (30 वर्ष), पिता बहादुर पैकरा, निवासी ग्राम डमरू का यह कृत्य एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(बी) के तहत दंडनीय होने के कारण पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। थाना सिटी कोतवाली में आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 504/2026 धारा 20(**B**) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस द्वारा आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की वैधानिक प्रक्रिया की जा रही है।

**भाजपा राज में 5वीं बार बढ़ी बिजली दरें**

# बिजली दर वृद्धि और स्मार्ट मीटर से जनता पर बढ़ रहा आर्थिक बोझ : विकास उपाध्याय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

रायपुर पश्चिम के पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने बलौदाबाजार में आयोजित प्रेस वार्ता में प्रदेश की भाजपा सरकार पर बिजली दरों में लगातार वृद्धि कर आम जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में यह पांचवीं बार बिजली दरों में बढ़ोतरी की गई है, जिससे घरेलू, व्यावसायिक और कृषि उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त वित्तीय भार पड़ा है। उन्होंने बताया



कि सरकार ने घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 30 से 50 पैसे प्रति यूनिट तथा गैर-घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 20 से 40 पैसे प्रति यूनिट तक बिजली दरें बढ़ाई हैं। वहीं किसानों के सिंचाई पंपों की बिजली दरों में भी 40 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई है। उनका आरोप है कि सरकार जनता को राहत देने के बजाय लगातार अतिरिक्त वसूली कर रही है। विकास उपाध्याय ने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में पांच वर्षों के दौरान बिजली दरों में मात्र 2 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि हुई थी तथा 400 यूनिट तक 'बिजली बिल हाफ' योजना लागू थी। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने इस योजना को बंद कर दिया, जिसके बाद लगातार बिजली दरों में बढ़ोतरी से आम उपभोक्ताओं के बिजली बिलों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। स्मार्ट मीटरों को लेकर भी उन्होंने सरकार ▶▶ शेष पेज 11 पर

### वास्तविक खपत से ज्यादा आ रही रीडिंग

पूर्व विधायक ने दावा किया कि प्रदेश के लगभग 45 लाख से अधिक बिजली उपभोक्ताओं को इस माह औसतन तीन गुना तक अधिक बिजली बिल प्राप्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि एक ओर सरकार 24 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने में असफल है, वहीं दूसरी ओर उपभोक्ताओं को मनमाने बिल भेजे जा रहे हैं। प्रेस वार्ता में विकास उपाध्याय ने मांग की कि प्रदेश सरकार बिजली दरों में की गई वृद्धि तत्काल वापस ले, स्मार्ट मीटरों की निष्पक्ष जांच कराए तथा जनता के हित में 'बिजली बिल हाफ' जैसी राहतकारी योजनाओं को पुनः लागू करे।




## खबर संक्षेप

### बच्चों के हित में श्रेष्ठ रिपोर्टिंग, पत्रकारों को मीडिया फॉर चिल्ड्रन अवार्ड

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में एमसीसीआर ट्रस्ट द्वारा यूनिसेफ के सहयोग से बीते 5 वर्षों से स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा एवं बाल अधिकार के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं सराहनीय योगदान देने वाले पत्रकारों एवं मीडिया संस्थानों को मीडिया फॉर चिल्ड्रन अवार्ड से सम्मानित किया जा रहा है। इसी कड़ी में इस वर्ष भी श्रेष्ठ रिपोर्टिंग के लिए प्रदेश के 9 पत्रकारों और दो फोटोग्राफरों को सम्मानित किया गया। छत्तीसगढ़ में एमसीसीआर ट्रस्ट द्वारा यूनिसेफ के सहयोग से वर्ष 2020 में शुरू किया गया यह पहला विशिष्ट मीडिया पुरस्कार है। इस वर्ष रुचि पांडेय को डिजिटल मीडिया के लिए, अनुज नहरिया, विक्रम तिवारी, यशवंत चक्रधारी, यशवंत सिन्हा को प्रिंट मीडिया के लिए, कुश अग्रवाल को इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के लिए, प्रदीप डडसेना, हेमंत गोस्वामी को फोटोग्रॉफी के लिए, जॉन राजेश पॉल, आरके गांधी, और नारद योगी को रचनात्मक उत्कृष्टता के लिए मीडिया फॉर चिल्ड्रन अवार्ड से सम्मानित किया गया। राजधानी के होटल सयाजी में हुए इस अवॉर्ड समारोह में यूनिसेफ की हेड सुश्री सीमा कुमार (चीफ, यूनिसेफ छत्तीसगढ़) द्वारा मीडिया कर्मियों को सम्मानित किया गया।

### दो लोगों के विरूद्ध हुई कार्रवाई

**महासमुंद।** मवेशियों को क्रूरतापूर्वक ओडिशा कत्लखाना ले जा रहे दो लोगों के विरूद्ध बसना थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति 06 नग बैलों को हकालते व मारपीट करते हुए बड़ेसाजापाली की ओर से ओडिशा कत्लखाना ले रहे हं। इसके बाद पुलिस बड़ेसाजापाली रोड ग्राम सलखंड भंवरपुर पहुंची, जहां पर दो व्यक्ति मिले, जिन्होंने अपने नाम जयराम टंडन पिता संतराम टंडन (45 वर्ष) सकरी, कुशुलाल पुरेना पिता देवसिंह पुरेना (35 वर्ष) सकरी होना बताए। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 06 नग बैल, कीमत करीबन 85,000 रुपए, बाइक, मोबाइल को बरामद किया। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 4, 6, 10 छग कृषक पशु परिरक्षण अधि. 2004 के तहत कार्रवाई की गई।

### महिला के साथ गाली गलौज

**महासमुंद।** लाखागढ़ में रहने वाली एक महिला के साथ गाली गलौज करने के मामले में आरोपी के विरूद्ध पिथौरा थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने सीमा यादव निवासी वार्ड नंबर 18 सांई मंदिर के पीछे लाखागढ़ ने आरोपी कुबेर कश्यप के खिलाफ पुरानी रंजिशवश गाली गलौज किए जाने का मेरे घर के सामने आकर पुरानी रंजिशवंश गाली गलौज करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोपी के विरूद्ध धारा 296 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### कुत्तों को भगाया, तो मां बेटी ने किया विवाद

**महासमुंद।** कुत्तों को भगाने को लेकर हुए विवाद में पिथौरा के लाखागढ़ में एक व्यक्ति के साथ मां और बेटी द्वारा गाली गलौज करने के मामले में पिथौरा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी कुबेर कश्यप निवासी वार्ड नंबर 18 सांई मंदिर के पीछे लाखागढ़ ने बताया कि 20 जून को 10.30 बजे घर के पास दुकान से आ रहा था, इसी दौरान उसे कुत्तों ने घेर लिया, जिन्हें भगाने के लिए वह चिल्लाया। जिस पर पास के घर की महिला सीमा यदु एवं उसकी लड़की सृष्टि यदु उसके साथ गाली गलौज करने लगी।

### महिला के साथ मारपीट

**महासमुंद।** बागबाहरा के लालपुर में रहने वाली एक महिला के साथ उसके पड़ोसी ने मारपीट कर दी। मामले में दो लोगों के विरूद्ध बागबाहरा थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को वार्ड नंबर 6 लालपुर की पद्मिनी साहू ने बताया कि सब्जी बेचने का काम करती है। मकान बनाने के लिए उसके घर के सामने रखी ईंट में से कुछ ईंटों को कोई अज्ञात व्यक्ति ले गया था। जिसे लेकर वह पूछताछ कर रही थी, तभी पड़ोसी राजकुमार यादव एवं उसकी पत्नी हम लोगों पर क्यों चिल्ला रही हो कहकर गाली गलौज किया।

## अर्जुनी आत्मानंद स्कूल में प्रवेश उत्सव, बच्चों को बांटी गईं किताबें और चॉकलेट

# शिक्षा ही उज्जवल भविष्य का आधार : डोमन वर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी





स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अर्जुनी में शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर किया गया नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को गुलाल लगाकर एवं पुष्प से स्वागत किया एवं कक्षा पहली से दसवीं के छात्र छात्राओं को पुस्तक एवं चॉकलेट वितरण किया गया। प्रवेश उत्सव में बच्चों में उत्साह बना रहा। इस प्रवेशोत्सव में जिला पंचायत सभापति प्रतिनिधि डोमन वर्मा ने कहा कि हायर सेकंडरी विद्यालय अर्जुनी के बच्चे देश के भविष्य हैं आज से शुरुआत होना चाहिए कि आगे क्या करना है गांव स्कूल माता-पिता गुरुजनों का नाम रोशन होना चाहिए, पढ़ाई-लिखाई के के बाद बच्चे अपना निशान छोड़ते हैं, कोई डॉक्टर शिक्षक वकील बनते हैं बच्चों को जैसा शिक्षा मिलेगा वैसा ही बढ़ेगा बच्चों का अच्छी रिजल्ट आए ऐसा ही मार्गदर्शन होना है और अर्जुनी विद्यालय का नाम रोशन करें। जिला पंचायत सभापति ईशान वैष्णव ने कहा कि सबसे महत्वपूर्ण है तो शिक्षा है डॉक्टर वकील शिक्षक वैज्ञानिक पायलट बने स्वागत है पर आधार मजबूत होना चाहिए उच्च शिक्षा मजबूत होनी चाहिए।

**ये रहे शामिल :** इस अवसर में जिला पंचायत सभापति प्रतिनिधि डोमन वर्मा, जिला पंचायत सभापति ईशान वैष्णव, जनपद सभापति प्रतिनिधि त्रिलोक यादव, सरपंच कविता ध्रुव, सरपंच प्रतिनिधि सुखराम ध्रुव, प्रेमचंद वर्मा, सेवानिवृत शिक्षक एवं शाला विकास समिति सदस्य एवं सेवानिवृत शिक्षक गंगा प्रसाद यदु, सचिन सोनी, चिंतामणि साहू, शाला विकास समिति अध्यक्ष चित्ररेखा साहू, प्राचार्य अवधेश वर्मा, विमला सोनकर, जयंती शर्मा, अर्जुन कश्यप, जसवंत वर्मा, मुकेश वर्मा, लक्ष्मी ठाकुर, वर्षा देवांगन, शशि प्रभा कुर्रे, कविता आडील, प्रमोद जोशी, राकेश वर्मा, अजय, अभि नायक वर्मा, आकाश भारती, दिलीप नामदेव, नेहा ठाकुर, युक्ति चंद्राकर, दलजीत कौर, आकांक्षा यादव, निहारिका मिश्रा, मंजुला, संजय रजक एवं मंच संचालन अनुराग जांगड़े द्वारा किया गया। इस दौरान शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### अतिथियों व शिक्षाविदों ने दिए सफलता के मंत्र

शाला विकास समिति अध्यक्ष चित्ररेखा साहू ने कहा कि नया सत्र विद्यालय के लिए गरिमा की बात है यह विद्यालय ही नहीं नैतिक भौतिक शिक्षा यहीं से जीवन प्रारंभ होता है भविष्य के लिए शिक्षक प्रेरणा स्रोत हैं बच्चों को मार्गदर्शन के साथ पढ़ाई विद्यालय आने को लेकर मॉनिटरिंग करना है बच्चों को होमवर्क पढ़ाई को लेकर ध्यान दें नियमित रूप से विद्यालय बच्चे आनी चाहिए। जनपद पंचायत सभापति प्रतिनिधि त्रिलोक यादव ने कहा कि बच्चे एक मुट्ठी की तरह है जैसा बनाएंगे वैसी बनेगा, बच्चों की उज्जवल भविष्य की कामना की गई एवं बच्चों को निरंतर विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया गया। शाला विकास समिति सदस्य एवं सेवानिवृत शिक्षक गंगा प्रसाद यदु ने कहा कि बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय आना है गुरुजनों का सम्मान करना है माता-पिता का सम्मान आज्ञा का पालन करना है।

## पीएमश्री भरत देवांगन विद्यालय में सैकड़ों लोगों की सहभागिता, किया योयाभ्यास



**खरोरा** । पीएमश्री भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी-अंग्रेज़ी माध्यम विद्यालय खरोरा में 21 जून को 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में नगर के गणमान्य नागरिकों, विद्यालय परिवार एवं विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए किया गया। विद्यालय के व्यायाम शिक्षक एवं योग प्रशिक्षक योगेंद्र त्रिपाठी ने विद्यार्थियों एवं उपस्थित जनसमुदाय को विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया। उन्होंने ताड़ासन, वृक्षासन, पद्मासन, वज्रासन, भुजंगासन, त्रिकोणासन, पवनमुक्तासन, शवासन, सूर्य नमस्कार सहित विभिन्न योग क्रियाओं एवं प्राणायाम का अभ्यास कराते हुए उनके शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास से शरीर स्वस्थ, मन एकाग्र एवं जीवन संतुलित रहता है। योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जिसे आज संपूर्ण विश्व अपना रहा है। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य रजनी मिंज ने अपने उद्बोधन में कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ एवं अनुशासित जीवन जीने की कला है। विद्यार्थियों को अपने दैनिक जीवन में योग को अपनाकर शारीरिक एवं मानसिक रूप से सशक्त बनने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को नियमित योग करने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय की वरिष्ठ व्याख्याता शाहिना परवीन एवं सेवानिवृत्त व्याख्याता डोमार सिंह यादव ने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते तनाव एवं प्रतिस्पर्धा के दौर में योग मानसिक शांति एवं आत्मविश्वास का सर्वोत्तम माध्यम है। योग व्यक्ति को सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करता है तथा जीवन में सफलता प्राप्त करने हेतु आवश्यक एकाग्रता एवं आत्मनियंत्रण विकसित करता है। योग दिवस कार्यक्रम में नगर के गणमान्य नागरिकों, पालकों, विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। सभी ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन एवं नियमित योग करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी अतिथियों एवं सहभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। योगमय वातावरण में संपन्न यह आयोजन विद्यार्थियों एवं उपस्थित जनसमुदाय के लिए प्रेरणादायक एवं स्वास्थ्यवर्धक सिद्ध हुआ। इस योग संगम कार्यक्रम में प्राचार्य रजनी मिंज, व्याख्याता शाहिना परवीन, संगीता नायक, रीतारानी वर्मा, रजनी त्रिपाठी, चमेली ठाकुर, जयंती साहू, अल्का मिंज, योगेंद्र त्रिपाठी, जगदेव बंजारे, प्रवीण पाटिल, अंग्रेजी माध्यम स्टॉफ निशिता दीक्षित, पावस पटेल, अंकृति भिड़े, योगिता देवांगन, सना करीम, आंचल कसार, जास्मि जोश, अजय कुमार कुर्रे, लुकेश्वर उइके, विक्रम आडिल, आकाश परिहार एवं विद्यालयीन छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## सशिमं अर्जुनी विद्यानगर परिसर में योग दिवस



**अर्जुनी।** 21 जून विश्व योग दिवस के अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर अर्जुनी विद्यानगर परिसर में योग दिवस का आयोजन उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ योग प्रशिक्षक डमरूधर वर्मा द्वारा योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए किया गया। इसके पश्चात प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास किया। इस दौरान नियमित योग को स्वस्थ जीवन का आधार बताते हुए सभी को अपने दैनिक जीवन में योग अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि व सर्वकुर्मी महासभा अध्यक्ष छत्तीसगढ़ डोमन वर्मा ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। योग के माध्यम से व्यक्ति स्वस्थ, निरोग एवं तनावमुक्त जीवन जी सकता है। कार्यक्रम के अंत में सभी ने नियमित योगाभ्यास करने एवं दूसरों को भी योग के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया। योग दिवस के सफल आयोजन पर विद्यालय परिवार ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं। उक्त कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष रविशंकर वर्मा, उपसरपंच विष्णु साहू, भाजपा महिला महामंत्री चित्ररेखा साहू, जनपद सदस्य प्रतिनिधि त्रिलोक यादव, चिंतामणि साहू, सचिव राजेश साहू, अनिल वैष्णव, लक्ष्मीकांत वर्मा, तुला राम वर्मा, शंकर लाल रजक, पुरेन्द्र वर्मा, पंच प्रेम कुमार साहू, प्रेमचंद वर्मा, विद्यालय के आचार्य पुरुषोत्तम लाल वर्मा, बसंत वर्मा, माखन लाल साहू,

## योग हमें संयमित और संतुलित जीवन जीने की सीख देता है : इंद्र साव

**भाटापारा।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सिटी सेंटर मॉल में योग शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधायक इंद्र साव ने कहा कि भारतीय संस्कृति में योग का एक विशेष और महत्वपूर्ण स्थान है जो हमें संयमित और संतुलित जीवन जीने की सीख देता है साथ ही हमारे अंदर सकारात्मक उर्जा का संचार करता है। विधायक इंद्र साव ने आगे कहा कि अभ्यास योग भारत की प्राचीन संस्कृति और ऋषिमुनियों की अमूल्य देन है। योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि यह तन,मन और आत्मा के बीच सामंजस्य स्थापित करने का अद्भुत प्रक्रिया है। आज की भागदौड़ भरी जीवन शैली में तनाव, चिंता और अनेक बीमारियां बढ़ रही है। योग हमे-स्वस्थ रहने का सरल प्रभावी मार्ग दिखाता है। हमारी एकाग्रता बढ़ाता है। आत्मविश्वास मजबूत करता है। जीवन में सकारात्मक सोच विकसित करता है। हमे गर्व है कि भारत की इस महान परंपरा को पूरे विश्व ने अपनाया है, और दुनिया भर के करोड़ो लोग इससे लाभ ले रहे है। इस अवसर पर योग प्रशिक्षक सहित प्रशासनिक अधिकारी एवं नगर वासी उपस्थित थे।



## शासकीय प्राथमिक शाला पचरी में शाला प्रवेशोत्सव



**खरोरा ।** विकासखंड तिल्दा नेवरा अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला पचरी में नवीन शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ अवसर पर उत्साह एवं उल्लास के साथ शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सरपंच अभिषेक वर्मा, उप सरपंच रुपेश कोशले, पंच क्रांति साहू, महेंद्र देवांगन, पवन साहू, प्रधानपाठक गिरवर प्रसाद सोनी, विद्यालय के शिक्षक सविता कोशले, स्वीटी देवांगन, शोभारानी नारंग तथा संकुल समन्वयक कांत कुमार की गरिमामयी उपस्थिति रही। अतिथियों ने नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत करते हुए नियमित अध्ययन एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य अशोक कुमार कोशले तथा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया के प्रधान पाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा द्वारा शाला परिवार को शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित करते हुए विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए सतत प्रयासरत रहने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ तथा उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं पालकों ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शिक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

## नगर टुण्डरा में पांच दिवसीय योग शिविर का हुआ समापन



**गिधौरी ।** भारत देश की ऋषि मुनियों के द्वारा खोज की गई योग चिकित्सा विधि को आज पूरा विश्व अपनाने लगा है एवं संयुक्त राष्ट्र संघ ने 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया है। नगर टुण्डरा के सरस्वती शिशु मंदिर में पांच दिवसीय योग दिवस मनाया गया। जिसका समापन 21 जून को नगर अध्यक्ष छतराम साहू के मुख्य आतिथ्य में प्रायोजक डा. गोदावरी पैंकरा जिला आयुष अधिकारी बलौदाबाजार एवं योग शिविर प्रभारी डा. ओम विजय साहू टुण्डरा के दिशा निर्देश पर किया गया । योग प्रशिक्षक परमेश्वर देवांगन ने पांच दिवस योग की विभिन्न क्रियाओं को सिखाया, नगरवासी एवं छात्र-छात्राएं भारी संख्या में योग की कलाओं को सीखीं। मौके पर राजमहंत पी के घृतलहरे, रामप्रसाद साहू अध्यक्ष सहकारी समिति टुण्डरा, नगर पंचायत सभापति सत्यनारायण पटेल, खेल शिक्षक जे आर बारले, प्रधानाचार्य शिवदास मानिकपुरी अपने सभी स्टॉफ सहित, नगर के सभी संस्थाओं के कर्मचारी अधिकारी सहित नगरवासी भारी संख्या में शामिल रहे।

## खरोरा में स्कूल में मनाया योग दिवस

**खरोरा।** रविवार को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खरोरा में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस बड़े उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 7:30 बजे संस्था प्रमुख महोदया जीरा पाध्याय के स्वागत भाषण से हुआ। उन्होंने विद्यार्थियों को योग के महत्व एवं उसके लाभों के बारे में जानकारी दी। इसके पश्चात योग प्रशिक्षक रमेश वर्मा द्वारा विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम जैसे ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, अनुलोम-विलोम, कपालभाति आदि का अभ्यास कराया गया। विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा कर्मचारियों ने पूरे उत्साह के साथ योगाभ्यास किया। योग प्रशिक्षक ने नियमित योग करने से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षकगण, चंद्रशेखर साहू, प्रीति वर्मा, नीलम एक्का, दुर्गेशनंदिनी शर्मा, सुरेखा शर्मा, रामकरण वर्मा, सोनाली शर्मा, मोहित साहू, पूर्णिमा निर्मलकर, गिरीश यादव, डोमेन साहू, मंदाकिनी चंद्राकर, मनीषा निषाद, शारदा ग्वाल, सोनबती यादव, संगीता यादव, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई।



## अमन पब्लिक स्कूल में योगासन प्राणायाम व ध्यान का अभ्यास



**खरोरा ।** 21 जून को अमन पब्लिक स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षकगण एवं कर्मचारियों ने योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया गया। सभी ने नियमित योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर अंजली देवांगन, आकांक्षा देवांगन, लीना राजपूत, प्रगति देवांगन, शालिनी जायसवाल, मोनिका साहू, टिकेश्वरी साहू, मोना निर्मलकर, दुर्गा वर्मा, यशोदा यादव, पिंकी पटेल, सौभाग्य गिलहरे, नम्रता यादव, मुस्कान वर्मा, चंचल साहू, अंबालिका साहू, पुष्प, प्रमोदनी, शबाना उपस्थित रहीं। विद्यालय परिवार ने सभी को योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए नियमित योगाभ्यास करने हेतु प्रेरित किया।

# स्वस्थ एवं रोगमुक्त जीवन के लिए प्रतिदिन अपनाएं योग : किशोर कुमार वर्मा





**सुहेला।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सुहेला नगर में विभिन्न संस्थाओं द्वारा योग एवं राजयोग ध्यान कार्यक्रमों का आयोजन कर स्वस्थ एवं संतुलित जीवन का संदेश दिया गया। आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी विद्यालय तथा प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, सुहेला में आयोजित कार्यक्रमों में प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं बड़ी संख्या में नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी विद्यालय में आयोजित सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में तहसीलदार किशोर कुमार वर्मा, विद्यालय के प्राचार्य डीपी कोसले, जनपद सदस्य भानु प्रताप वर्मा सहित शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों ने योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया। इस दौरान विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की गतिविधियों का अभ्यास कराया गया। वक्ताओं ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करता है। उक्त अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से योग प्रशिक्षक तिलोत्तमा वर्मा अदिति बाघमार धनीराम साहू गेंद्रम साहू मांडले, मानसरौवर नरेंद्र कुमार साहू, सीमा वर्मा, दुर्गा वर्मा, सुनीता उपाध्याय, रितेश शर्मा एवं वैशाली वर्मा सहित अनेक विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता रही। सभी ने योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। वहीं प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, सुहेला द्वारा "स्वस्थ वृद्धावस्था एवं दीर्घायु के लिए योग" विषय पर विशेष योग एवं राजयोग ध्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ तहसीलदार किशोर कुमार वर्मा, नायब तहसीलदार एम.डी. सामल, सरपंच प्रतिनिधि देवा घृतलहरे, जनपद सदस्य भानु प्रताप वर्मा तथा ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। योग प्रशिक्षक तिलोत्तमा वर्मा एवं अदिति वर्मा ने उपस्थित जनसमुदाय को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया तथा नियमित योगाभ्यास के शारीरिक एवं मानसिक लाभों की जानकारी दी।

### योग भारत की प्राचीन विरासत

विद्यालय के प्राचार्य डीपी कोसले ने विद्यार्थियों से नियमित योग करने का आह्वान करते हुए कहा कि योग से एकाग्रता, अनुशासन एवं आत्मविश्वास का विकास होता है, जो विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है। वहीं जनपद सदस्य भानु प्रताप वर्मा ने कहा कि योग भारत की प्राचीन विरासत है, जिसे अपनाकर हम स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवन की ओर अग्रसर हो सकते हैं। कार्यक्रम में रानी जरौद के पूर्व सरपंच सेवकराम साहू, वरिष्ठ पत्रकार विश्वनाथ द्विवेदी, बीके नमिता, बीके सरस्वती, बीके प्रीति, बीके डिगेश्वरी, मनोज साहू, चुन्नू साहू, रितेश साहू, हेमराय साहू (पंच, बिटकुली), संतराम वर्मा, कल्याणी वर्मा, राधा वर्मा, संतोषी साहू, रुक्मणि साहू, लोकेश्वरी साहू सहित संस्था से जुड़े भाई-बहन, शिक्षकगण, युवा, महिलाएं एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने प्रतिदिन योग एवं राजयोग ध्यान को अपने जीवन में अपनाने तथा स्वास्थ्य, सकारात्मकता और जागरूकता का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

## खबर संक्षेप



### जपं बिलाईगढ़ में मनाया गया योग दिवस

**बिलाईगढ़।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जनपद पंचायत बिलाईगढ़ परिसर में ब्लॉक स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों एवं विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर योग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम की शुरुआत सामूहिक योगाभ्यास से हुई, जिसमें उपस्थित प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। वक्ताओं ने योग को भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर बताते हुए इसके नियमित अभ्यास से शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य में होने वाले लाभों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर जनपद पंचायत बिलाईगढ़ के सीईओ प्रतीक प्रधान, तहसीलदार कमलेश सिदार, विकासखंड शिक्षा अधिकारी आर के कोसले, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के नोडल अधिकारी गोविंद अजय, पवन जायसवाल जनपद सभापति, राजकुमार जांगड़े सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### शिव वाटिका की महिलाओं ने बांटी खिचड़ी

**रायपुर।** अश्वनी नगर स्थित शिव वाटिका परिसर की महिलाओं द्वारा अधिमास के उपलक्ष्य में गत दिनों खिचड़ी का वितरण किया गया। प्रसाद के रूप में खिचड़ी ग्रहण करने और दान-पुण्य के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। यह कार्यक्रम शिव वाटिका परिसर के मुख्य द्वार पर शाम 6 बजे से 8 तक रखा गया। कार्यक्रम में वर्षा चौधरी, परिणीता खांडेकर, सरिता माहेश्वरी, ज्योति सिंह, अंजलि कान्हे, मीरा पाठक, कला लखानी, अपर्णा धबड़गांव, मंजूषा निनावे, जयश्री शर्मा, मालती अग्रवाल, ममता बिंदल, मधु जैन ने सहयोग दिया।

### पेज 9 के शेष

#### बिजली दर वृद्धि...

पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेशभर से शिकायतें मिल रही हैं कि स्मार्ट मीटर वास्तविक खपत से अधिक रीडिंग दर्ज कर रहे हैं, जिसके कारण उपभोक्ताओं को अधिक बिजली बिल मिल रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि उपभोक्ताओं की सहमति के बिना अनुबंध भार बढ़ाया जा रहा है तथा ऑनलाइन और ऑफलाइन अलग-अलग बिल जारी किए जा रहे हैं, जिससे लोगों में भ्रम और परेशानी की स्थिति बन रही है।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे, छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के पूर्व अध्यक्ष शैलेष नितिन त्रिवेदी, पूर्व रायपुर जिला पंचायत उपाध्यक्ष परमेश्वर यादव, ब्लॉक कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष दीपक साहू, विक्रम पटेल, मोतीलाल वर्मा, जिला संगठन महामंत्री रामकुमार उर्फ छल्ला साहू, अधिवक्ता संजय सोनी, किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष सरजू प्रसाद धृतलहरे, फारुखी अहमद, भुवनेश्वर वर्मा, कालिंदी वर्मा, लता साहू, अमर मिश्रा, आर्यन शुक्ला, सुखदेव साहू, पूर्व ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष विक्रम गिरी, राजा तिवारी, देवेंद्र बंजारे, गणेश शंकर साहू सहित कांग्रेस के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

---

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस : योगा फ़ॉर हेल्थी एजिंग विषय पर कराया गया योग

# सबने किया योगाभ्यास- प्राणायाम, विभिन्न आसन मुद्राओं से योग की बारीकियों - लाभ को भी जाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को सभी स्कूलों, विभागों, प्रतिष्ठानों, कार्यालयों तथा विभिन्न संगठनों द्वारा जगह जगह योग शिविर का आयोजन किया गया। योगाचार्य द्वारा योग के विभिन्न आसनों को बताया तथा निरोग जीवन जीने योग्य की बारीकी को बताया गया। इस बार का योग थीम योगा फ़ॉर हेल्थी एजिंग इसका मतलब जीवन शैली में योग को शामिल कर बुढ़ापे में भी स्वस्थ एवं आत्मनिर्भर रहे।

- योग को जीवन में शामिल करें, जीयें निरोगी जीवन

नगर पंचायत व योग परिवार के संयुक्त तत्वावधान में सिद्धेश्वर मंदिर बालसमुंद प्रांगण में नगर अध्यक्ष गोपी साहु, उपाध्यक्ष पिंटु वर्मा,योग शिक्षक राजकुमार यदु, शिक्षिका हेमलता कन्नौजे, अनुविभागीय अधिकारी दीपक निकुंज, थाना प्रभारी परिवेश तिवारी, सीएमओ मनोज बंजारा, हितेंद्र ठाकुर, इंद्रदेव वर्मा,खिलेंद्र वर्मा, बृजमोहन साहु,मनीष चंद्राकर सहित गणमान्य नागरिकों द्वार छत्तीसगढ़ महतारी के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलित कर योग शिविर का औपचारिक शुभारंभ किया। योग शिक्षक राजकुमार यदु ने योगाभ्यास के साथ प्राणायाम, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी,उद्गीगीत, ताड़ासन, वृक्षासन, भूमासन, सहित विभिन्न आसनों से लोगों को नियमित योग करने प्रेषित किया।योग साधिका हेमलता कन्नौजे ने श्वास प्रश्वास पर सुक्ष्म व्यायाम सहित मंडुक आसन,वज्रासन,भद्रासन,मयुरासन,उष्ट्रासन,भुजंगासन जैसे योगाभ्यास से होने वाले लाभ को बताया। योग शिविर का संचालन फत्तेसेन ने किया एवं उपस्थित नगरवासियों को नियमित लगने वाले निःशुल्क योग कक्षा शारदा मंदिर परिसर डीप गार्डन में प्रतिदिन 5.30 बजे से आने अपील किया। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू ने बताया की जीवन में योग को अपनाने से निरोगी काया व मन शांत रहता है। योग एक व्यायाम ही नहीं बल्कि एक जीवन शैली है, भागम भाग व अनियमित दिनचर्या में लोग यदि एक घंटा योग करें तो बहुत सारा लाभ होगा,योग नहीं करेंगे तो दवाइयो से जिंदगी चलेगी इससे बचने के लिए नियमित योग और संयमित खानपान दिनचर्या में शामिल करें।

योग शिविर में पार्षदगण लेखराम वर्मा,नेमसिंग बांधे,भुषण ठेठवार, डोमार सिंह वर्मा, नारायण धीवर, देवेंद्र वर्मा बंटी, रवि ध्रुव, भुमिका वर्मा, कृष्णा देवांगन, ताजेंद कन्नौजे, योग साधक मीना साहु, कुसुम साहु, पुर्णिमा चंद्राकर, रेखा वर्मा, पुजा चंद्राकर, विभा चंद्राकर, पुष्पा वर्मा, हेमलाल देवांगन, संतोष कोसले, मनहरण ध्रुव, उमेंद्र ठाकुर, तुका वर्मा, जगदीश पटेल, बबलु वर्मा, बल्लु यादव, महेंद्र वर्मा, आनंद यादव, नारायण सेन, फागु यादव, सालिक राम वर्मा, राबर्ट वायल कुरील, शंकर कश्यप, चेतन वर्मा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं, अधिकारी कर्मचारी नगर पंचायत पलारी के स्वच्छता बहने व कर्मचारी गण शामिल थे।

## योग संयमित- संतुलित जीवन जीने की देता है सीख : पांडेय



**सिमगा।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सिमगा में वंदना पब्लिक स्कूल, मिडिल स्कूल हरिनभट्ठा में योग शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता अनिल पाण्डेय ने कहा कि भारतीय संस्कृति में योग का एक विशेष और महत्वपूर्ण स्थान है जो हमें संयमित और संतुलित जीवन जीने की सीख देता है साथ ही हमारे अंदर सकारात्मक उर्जा का संचार करता है। शिवधारी देवांगन ने कहा कि अभ्यास योग भारत की प्राचीन संस्कृति और ऋषि मुनियों की अमूल्य देन है। योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि यह तन, मन और आत्मा के बीच सामंजस्य स्थापित करने का अद्भुत प्रक्रिया है। आज की भाग दौड़ भरी जीवन शैली में तनाव, चिंता और अनेक बीमारियां बढ़ रही है। योग हमे-स्वस्थ रहने का सरल प्रभावी मार्ग दिखाता है। हमारी एकाग्रता बढ़ाता है। आत्मविश्वास मजबूत करता है। जीवन में सकारात्मक सोच विकसित करता है। हमे गर्व है कि भारत की इस महान परंपरा को पूरे विश्व ने अपनाया है, और दुनिया भर के करोड़ो लोग इससे लाभ ले रहे है। जनपद सभापति चंद्रप्रकाश टोंडे ने कहा कि योग के निरंतर अभ्यास से ना सिर्फ शरीर स्वस्थ रहता है बल्कि मन और इंद्रिया भी नियंत्रण में रहते हैं। पूरा विश्व आज अस्थिरता की स्थिति में है ऐसे में विश्व शांति के लिए योग एक सशक्त माध्यम है। इस अवसर पर योग प्रशिक्षक सहित भाजपा मंडल महामंत्री राहुल साहू, भाजपा नेता हेमसिंग चौहान, विकास सोनकर, प्रशांत देवांगन, राजा दिव्या, परस पाटकर, वंदना स्कूल स्टाफ एवं हरिनभट्ठा मिडिल स्कूल स्टाफ व नगरवासी उपस्थित थे।

## स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग थीम पर सभी उम्र के लोगों ने लिया हिस्सा



**भटगांव।** नगर पंचायत भटगांव में 12 वे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस धान मंडी प्रांगण में आयोजित किया गया। सर्वप्रथम स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं नगर पंचायत भटगांव के अधिकारी कर्मचारियों ने धन्वंतरि भगवान एवं महर्षि पतंजलि के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं पूजन अर्चन कर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का शुभारंभ किया। तत्पश्चात नगर पंचायत के अधिकारी कर्मचारियों ने योग साधकों का पुष्प गुच्छ एवं तिलक लगाकर स्वागत किया फिर योग शिक्षक ने योगाभ्यास के साथ प्राणायाम अनुलोम विलोम, भ्रामरी, ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन,जैसे योगाभ्यास से होने वाले लाभ को बताता। वहीं उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति आध्यात्मिकता और जीवन दर्शन का अमूल्य उपहार है,जो शरीर मन और आत्मा के मध्य संतुलन स्थापित करने का कार्य करता है। आज विश्व के करोड़ों लोग योग को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाकर स्वास्थ्य एवं सकारात्मक जीवन की ओर अग्रसर हो रहे हैं। योग कर्मसु कौशलम् प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणादायक पहल के परिणाम स्वरूप योग को वैश्विक स्तर पर नई पहचान और प्रतिष्ठा प्राप्त हुई है।आज विश्व के अनेक देशों में करोड़ों लोग योग को अपनी दैनिक दिनचर्या बनाकर स्वस्थ जीवन की ओर अग्रसर हो रहे हैं। हम सभी भी प्रतिदिन योग करने की संकल्प लें और स्वस्थ सशक्त एवं समृद्ध भारत के निर्माण में अपना योगदान दे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नगर के गणमान्य नागरिक प्रबुद्धजन व शासकीय अधिकारी कर्मचारी नगर एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे जिसमें प्रमुख रूप से नगर पंचायत भटगांव के अध्यक्ष विक्रम कुर्रे, उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार देवांगन, मंडल अध्यक्ष धीरज दीक्षित, महामंत्री श्यामा साहू, खेलन यादव पार्षद लीलाधर वैष्णव, महादेवा यादव, पप्पू यादव, रामकुमार सिदार, पूर्व एल्डर मेन तुलसी आदित्य, सी एम ओ पटेल, एवं नगर के वरिष्ठ जन उपस्थित थे।

### भाटापारा के मोती गार्डन में सामूहिक योगाभ्यास



**भाटापारा।** अन्तराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सुप्रसिद्ध योग शिक्षिका नीलम साहू द्वारा भाटापारा के समस्त नागरिको के लिए निशुल्क योगाभ्यास प्रशिक्षण का आयोजन स्थानीय मोती गार्डन (नगरपालिका के सामने)में आयोजित किया गया। जहां भारी संख्या में महिलाओं, पुरूषों व बच्चों ने उपस्थित होकर योग किया। इस अवसर पर योग शिक्षिका नीलम साहू व वहां पर उपस्थित उनकी माताजी राजकुमारी साहू व पिताजी रूपराम साहू का योग साधको रविन्द्र पुरोहित, राजेश छाबड़िया, अजय मंधान, तरूण सचदेव, सिद्धार्थ आर्य, दिनेश सचदेव एवं योग साधिकाओं सोनिया बालानी, शीतल आर्य, अरूणा बालानी, साक्षी सचदेव, बबीता ईदवानी, मधु किंगरानी, कविता छाबड़िया, बरखा छोड़ानी, जया सहेता, प्रिया मंधान, मीना भोजवानी, रिया चंचलानी, संजना कंचवानी, रजनी जसवानी, हर्षा गिदवानी, श्वेता अलरेजा आदि उपस्थित जनों ने पुष्प गुच्छ व शाल पहनाकर स्वागत किया।

## योगाभ्यास कर दिया गया स्वस्थ जीवन जीने का संदेश



**बिलाईगढ़।** पूर्व माध्यमिक शाला छुईहा में शनिवार को उत्साह, उमंग और जागरूकता के माहौल में योग दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं ग्रामीणजनों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरुआत योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए की गई। उपस्थित अतिथियों एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों को नियमित योग करने के लिए प्रेरित किया और बताया कि योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि मानसिक एकाग्रता एवं आत्मविश्वास को भी बढ़ाता है। इस अवसर पर प्रधान पाठक अरुण कुमार टण्डन, शिक्षक त्रिलोक हरिप्रिय, राकेश कुमार जाटवर, ग्राम सरपंच धनीराम बंजारे, सचिव मकरध्वज चौहान, रामकुमार, समीर नागेश, प्रकाश बंजारे सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। सभी ने सामूहिक योगाभ्यास कर योग को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम के अंत में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा स्वस्थ एवं निरोगी समाज के निर्माण का संदेश दिया गया। विद्यालय परिवार ने सभी उपस्थित जनों का आभार व्यक्त करते हुए योग को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

## कसडोल में विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम में सबने किया योगाभ्यास



**कसडोल।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को विकासखंड स्तरीय योगाभ्यास कार्यक्रम मुख्यालय स्थित पीएमश्री स्वामी आत्मानंद स्कूल ऑडिटोरियम में सम्पन्न हुआ। विकासखंड मुख्यालय के समस्त अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में सामूहिक योगाभ्यास किया गया साथ ही स्वस्थ शरीर व नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम में रामेश्वर वर्मा, शांति कुमार साहू, अशोक साहू व आयुष विभाग की टीम द्वारा सामूहिक योगाभ्यास कराया गया जिसमें उपस्थित सभी लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में अनुलोम-विलोम, कपालभारती, भुजंगासन, ताड़ासन, वृक्षासन, वज्रासन, पवनमुक्तासन शवासन एवं ध्यान सहित अनेक योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया तथा योग से शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा उपस्थित लोगों को स्वास्थ्यवर्धक अंकुरित मूंग एवं चना का वितरण किया गया। वहीं आयुष विभाग द्वारा रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने हेतु औषधीय काढ़े का वितरण एवं सेवन कराया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अनुविभागीय अधिकारी रामरतन दुबे ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो स्वस्थ एवं संतुलित जीवन का आधार है। उन्होंने सभी नागरिकों से नियमित योग करने तथा अपने परिवार एवं समाज को भी योग के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने योग को अपने दैनिक जीवन में अपनाने, स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने तथा समाज में स्वास्थ्य व नशामुक्ति के प्रति जागरूकता फैलाने की शपथ ली। इस अवसर पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष डॉ. सुदीप मानिकपुरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का आभार व्यक्त करते हुए कहा की अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का यह आयोजन स्वास्थ्य, अनुशासन एवं सकारात्मक जीवनशैली के प्रति जनजागरुकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुई है।

## शिवरीनारायण में योग दिवस पर उत्साह, लोगों ने किया योगासन



**गिधौरी।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शिवरीनारायण स्थित महानदी तट के समीप सत्संग भवन में भव्य योग अभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगरवासियों ने बड़ी संख्या में सहभागिता करते हुए विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को वर्तमान जीवनशैली में योग के महत्व एवं उससे होने वाले शारीरिक, मानसिक तथा आध्यात्मिक लाभों की जानकारी दी गई। नियमित योगाभ्यास स्वस्थ एवं संतुलित जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है तथा यह तनावमुक्त जीवन जीने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कार्यक्रम में नगर के तक्षशिला इंटरनेशनल स्कूल के नवीन डे एवं शिक्षकों द्वारा विशेष रूप से योगाभ्यास कराया गया। उन्होंने उपस्थित जनसमूह को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम की विधियों का अभ्यास कराते हुए उनके लाभों के बारे में विस्तार से बताया। योग दिवस कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष राहुल थवाईत, चेतन विक्की सोनी, विष्णु हरि गुप्ता, राजेश अग्रवाल, अमन कुंभकार, सहित अनेक गणमान्य नागरिक, स्वच्छता दीदियां, नगर पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन स्वस्थ, निरोग एवं जागरूक समाज के निर्माण के संदेश के साथ हुआ। हुल थवाइत ने कहा अपने जीवन में प्रतिदिन कम से 15 मिनट योग अभ्यास जरूरी है।





## योगाभ्यास करने गोद में बच्चे लेकर आईं माता

**गोपालपुर।** शासकीय प्राथमिक शाला हरदी (भ) संकुल केंद्र रोहिना विकास खण्ड बिलाईगढ़ में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। योग हमारे स्वास्थ्य के लिए अति आवश्यक है, माताएं गोद में बच्चा लेकर योग करने शासकीय प्राथमिक शाला हरदी में पहुंची। ईश्वर प्रसाद लहरे उपसरपंच ग्राम पंचायत जुनवानी के मुख्य आतिथ्य में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शाला प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष लकेश्वर खूंटे ने प्रतिदिन योग अभ्यास करने के लिए लोगों को प्रेरित किया। शासकीय प्राथमिक शाला हरदी के प्रधान पाठक रामदुलार निराला ने योग का जीवन में क्या महत्व है, करे योग रहे निरोग का संदेश दिया। हमें शांत वातावरण में, खाली पेट,, छायादार स्थान में शांत चित्त से योग का अभ्यास करना चाहिए कहा। हमें प्रतिदिन योग अभ्यास को अपने जीवन में महत्व देना चाहिए, ताकि हमारा शरीर तरोताजा और स्वस्थ रहे। योग अभ्यास में निर्मला खूंटे सफाई कर्मी, राम मति खूंटे मितानिन, किरण खूंटे सहायिका आंगनबाड़ी केंद्र हरदी, संगीता खूंटे समाज सेविका, पितरबाई रसोइया, मनीष कुमार साहू शिक्षक तथा छात्र-छात्राओं ने योग अभ्यास कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

HEALTH TOWN
DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### करहीबाजार मे किया गया योगा

**करहीबाजार।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर मंडल स्तरीय योगाभ्यास करही बाजार महामाया मंदिर प्रांगण मे मंडल के प्रभारी जिला अध्यक्ष भाजपा ओबीसी मोर्चा महाबल बघेल द्वारा योग अभ्यास कराया और योग का सम्पूर्ण मुद्रा की जानकारी दी तथा भारतीय संस्कृति में योग एक विशेष और महत्वपूर्ण स्थान है जो हमें या संयमित और संतुलित जीवन जीने की सीख देता है साथ ही हमारे अंदर सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। योग के निरंतर अभ्यास से न सिर्फ शरीर स्वस्थ रहता है बल्कि मन और इंद्रियों भी नियंत्रण में रहता है पूरा विश्व आज स्थिरता की स्थिति में है ऐसे में विश्व शांति के लिए योग एक सशक्त माध्यम है। उक्त अभ्यास मे भाजपा निपनिया मंडल के अध्यक्ष मथुरा यादव, महामंत्री राजेश पटेल, रोहित वार्म, अर्पणा झा, चेतन वार्म, अरुण निषाद, रेशम यदु, टिक्की वर्मा, लेखराम पटेल, हिराराम पटेल, अशोक पटेल, कृष्णा दास मानिकपुरी, विनोद देवांगन, हीरासिंह ध्रुव, मनोज महराज, ओम प्रकाश यादू, मालिकराम साहू, नारायण साहू, साधराम दरिया, मुलशंकर पटेल, तेज राम यादव सहित सभी कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

### प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मनाया योग दिवस



**गोपालपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गोपालपुर में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। योग प्रशिक्षक के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। इस दौरान नियमित योग के माध्यम से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने का संदेश दिया गया। उपस्थित लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा प्रतिदिन योग करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। स्वास्थ्य केंद्र परिवार ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जनसामान्य से नियमित योग अपनाकर स्वस्थ एवं निरोग जीवन जीने की अपील की।

### रंजन बने भाजयुमो के उपाध्यक्ष

**रायपुर।** भाजयुमो जिलाध्यक्ष अर्पित सूर्यवंशी ने मंडल अध्यक्ष अजय साहू की अनुशंसा पर मोर्चा के रायपुर ग्रामीण मंडल उपाध्यक्ष पद पर सेजबहार निवासी रंजन ठाकुर को नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति पर मोतीलाल साहू व भोला साहू सहित युवाओं ने हर्ष व्यक्त किया है।

## भूमिदान की जमीन की बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के धड़ल्ले से रजिस्ट्री- नामांतरण

# दान की सरकारी जमीन को बिना अनुमति 90 टुकड़ों में बेचा, कलेक्टर से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार

सरसींवा। सरसींवा नगर में भू माफियाओ के द्वारा नियम विरुद्ध भूमिदान की भूमि को बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के रजिस्ट्री नामांतरण किए जाने का मामला सामने आया है जिसकी शिकायत सरसींवा निवासी सुनिल शर्मा ने सारंगढ़ बिलाईगढ़ के जिला कलेक्टर से की है। शिकायतकर्ता ने बताया कि राजस्व विभाग, पंजीयन विभाग की मिलीभगत से सरसीवां नगर मुख्य मार्ग में खसरा नंबर 253 के एक दो नहीं 90 टुकड़ों में रजिस्ट्री नामांतरण हो गए हैं। यहां रेरा के नियमों को ताक में रखकर जमीन कारोबारी भूमि की प्लाटिंग की जा रही है इनके कृत्यों में सरकारी नुमाइंदे व विभागीय संरक्षण की मिलीभगत से इंकार नहीं कर सकते। भू माफिया खसरा नम्बरो की साठ-गांठ - हेराफेरी कर अपने कृत्यों को अंजाम दे रहे हैं। इन मामलों में राजस्व विभाग, पंजीयन विभाग की भूमिका संदिग्ध है जिसकी जांच करने पर इनकी लापरवाही सामने आ जाएगी। बताया जा रहा है भूमिदान की जमीन को सक्षम प्रशासनिक अधिकारी के बिना अनुमति रजिस्ट्री एवं नामांतरण किए जा रहे हैं।



### अनिवार्य, फिर भी आनन-फानन में नामांतरण

शिकायतकर्ता सुनील शर्मा ने बताया कि राजस्व नियमो एवं शासकीय शर्तो के अनुसार दान में प्राप्त भूमियो के किसी भी प्रकार के हस्तांतरण, क्रय विक्रय या अदला बदली के पूर्व जिला कलेक्टर की विधिवत अनुमति या अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करना अनिवार्य है लेकिन यहां नियम कानून को ताक में रखकर भू माफियाओं ने सम्बन्धित विभागों की मिलीभगत कर करोड़ो की बेसकीमती भूमि को टुकड़ों में धड़ल्ले से खरीदी बिक्री का कृत्य कर रहे हैं। इतना ही नही पैसे और पहुंच के दम पर बिना किसी जांच पड़ताल के ऐसी भूमि के पंजीयन और नामान्तरण भी आनन फानन में किया जा रहा है। सरसीवां से पेंड्रावन मार्ग में स्थित खसरा नम्बर 253 भूमि की 90 टुकड़ो में क्रय विक्रय किये गए हैं जिसकी उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांचकर ऐसी सभी रजिस्ट्रीयां को शून्य घोषित करने की मांग की गई है।

### तहसीलदार को दिए गए हैं जांच के निर्देश

इस संदर्भ में बिलाईगढ़ एसडीएम प्रफुल्ल रजक ने कहा कि इस प्रकरण की शिकायत मिली है संबंधित खसरे की जांच करने सरसीवां तहसीलदार को निर्देश दिए गए हैं जांच उपरांत इस मामले पर कार्यवाही की जाएगी।

### सरकारी खजाने को करोड़ों की चपत

उच्च अधिकारीयों से शिकायत के बावजूद कोई कार्यवाही नहीं होने से लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। इसकी शिकायत सरसींवा निवासी सुनील शर्मा ने सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला के जिलाधीश से तत्काल कड़ी कार्यवाही करने लिखित में शिकायत की है। सुनील ने अपनी शिकायत पत्र में कहा कि भूमिदान की जमीन को भूमाफियाओं द्वारा बिना प्रशासनिक अनुमति के खरीदी बिक्री, नामान्तरण का कार्य जोरो पर चल रहा है जिससे नगर वासियों में आक्रोश व्याप्त है। आपको बतला दें कि सरसीवां नगर में भूमाफियाओं ने नियमों को ताक में रखकर कई बड़े - बड़े कारनामे किए हैं। यदि जांच की जाती है तो कई खुलासे हो सकते हैं। सरसीवां में ये भूमाफिया कौड़ियों की जमीन को करोड़ो में बेची हैं जिससे शासन को करोड़ो रुपए की राजस्व क्षति हुई है वहीं कीमत बढ़ाने में इनकी अहम भूमिका है।

# ग्रीन फाउंडेशन ने फलदार औषधीय पौधों का रोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से ग्राम रेंगाडीह में ग्रीन फाउंडेशन के तत्वावधान में 500 फलदार, छायादार एवं औषधीय पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

■ बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने पौधारोपण जरूरी

कार्यक्रम में ग्रीन फाउंडेशन के मार्गदर्शक धन्नू साहू एवं अध्यक्ष टुकेश साहू ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाना आवश्यक है। उन्होंने सभी ग्रामीणों से लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने की अपील की। इस अवसर पर उपाध्यक्ष गेंद राम साहू, कोषअध्यक्ष चोवा राम साहू, उप कोसा अध्यक्ष राजू राम साहू, सचिव गणपत साहू, विशेष सलाहकार धर्मेंद्र साहू, निर्देशक टेक राम साहू, संरक्षक खेमेश्वर साहू तथा उप संरक्षक गाजू राम साहू सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

**अभियान चलाने का लिया संकल्प:** पौधारोपण अभियान के दौरान महिलाओं की सहभागिता विशेष रूप से देखने को मिली। महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए पौधों के संरक्षण और पर्यावरण जागरुकता का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने मिलकर गांव को हराभरा एवं स्वच्छ बनाने तथा भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी अभियान चलाने का संकल्प लिया।

# झबड़ी स्कूल में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेल

शहीद हेमलाल कौशिक शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला झबड़ी में 20 जून को शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अथिति ग्राम पंचायत के सरपंच अंजू कश्यप एवं विशिष्ट अथिति शाला विकास समिति के अध्यक्ष रामायण प्रसाद कर्ष, संस्था के प्राचार्य नोहरसिंह श्रीवास, रामभरोस साहू, एवं अमरीका पटेल थे। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती की पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्वल के साथ किया गया। अथितियों ने नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर व मुंह मीठा कर आत्मीय स्वागत किया। इसके साथ है राज्य सरकार की योजना के तहत कक्षा नवमी एवं दसवीं के विद्यार्थीओ को निशुल्क पाठ्यपुस्तको का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान



विद्यार्थियों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। मुख्य अथिति ने कहा की जीवन में आगे बढ़ने के लिया अनुसाशन एवं कड़ी मेहनत जरुरी है। इस अवसर पर प्राथमिक शाला के संस्था प्रमुख हेमेंद्र कुमार साहू मिडिल स्कूल के संस्था प्रमुख उत्तमलाल देवांगन समिति के सदस्य सालिकराम पटेल, जितेंद्र कौशिक, शिक्षकगण दिलीप कुमार साहू, इंद्रकुमार कैवर्त्य, बेदकली डडसेना, रामकुमारी कौशिक, प्रमोद कुमार, सूर्या, तोरणसिंह पाटले, संदीप श्रीवास, गनेश्वर आज़ाद, कुमारी खिलेश्वरी साहू, राकेश चंद्र द्विवेदी, जयप्रकाश देवांगन, साधराम कैवर्त्य, कमलेश पटेल एवं नागरिकगण एवं छात्र-छात्राए उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मेंघनाथ साहू ने किया था।

आभार प्रदर्शन प्राचार्य नोहरसिंह श्रीवास ने किया।

# स्कूल के विकास में वर्मा परिवार का योगदान स्मरणीय : प्राचार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

अंग्रेजी हिंदी माध्यम सेजेस गनियारी को सेवानिवृत्ति प्रधान पाठक संतोष कुमार वर्मा एवं उनके बड़े भाई चंद्रशेखर वर्मा के द्वारा अपनी माता की स्मृति में मातृ दिवस के अवसर पर न्योता भोज का आयोजन किया गया। लगभग 700 बच्चों के लिए वर्मा परिवार के द्वारा सभी बच्चों के लिए स्वादिष्ट व्यंजन तैयार किया गया। इस पर हमारे प्राचार्य के एल टोप्पो ने हर्ष व्यक्त किया कि



मैडम ने कहा की आप दोनों भाइयों का स्कूल के प्रति सदैव सहयोग रहा है। पर्यावरण से लेकर हमारे हायर सेकेंडरी के गेट तक आपका सहयोग सदा स्कूल को मिलता रहा है। इस सहयोग के लिए पूरा विद्यालय परिवार सदैव आभारी रहेगा। इस पूरे कार्यक्रम में गांव के वरिष्ठजन शर्मा गांव के और गणमान्य नागरिक, संकुल समन्वयक दुष्यंत कुमार बांधे, विद्यालय परिवार के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, विद्यार्थीगण स्कूल में काम करने वाले कर्मचारी गांव के सम्माननीय नागरिक आदि सम्मिलित हुए।

## श्रमिकों ने कार्यस्थल पर किया योगाभ्यास...



**करहीबाजार।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत करहीबाजार में मनरेगा अंतर्गत चल रहे नवा तरिया निर्माण कार्य में कार्यरत श्रमिकों को योगाभ्यास कराया गया और योग करने से होने वाले लाभ की जानकारी दिया गया, जिसमें सरपंच कमला अरुण निषाद, उप सरपंच अशोक पटेल, सचिव सुंदर पाल, रोजगार सहायक शोभना ध्रुव, पंच अहिल्या पाल, उदय देवांगन, मूलशंकर पटेल, प्रदीप निषाद और सभी श्रमिक उपस्थित रहे।




## योग दिवस पर सिटी मॉल में सामूहिक योगाभ्यास

# स्वस्थ शरीर ही करता है श्रेष्ठ मेधा का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार क्रो भाटापारा नगर के सिटी मॉल परिसर में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा मुख्य रूप से सम्मिलित हुए। प्रातः 6 बजे से प्रारंभ हुए इस कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में नगरवासियों, युवाओं, महिलाओं एवं स्कूली बच्चों ने एक साथ योग के विभिन्न आसनों, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास किया। पूरा परिसर 'भारत माता की जय' और 'योग से निरोग' के नारों से गूंज उठा। इस अवसर पर शिवरतन शर्मा ने कहा,योग मनुष्य की मानसिक, शारीरिक व आध्यात्मिक ऊर्जा को एकत्रित कर



उसे सकारात्मक चिंतन की ओर अग्रसर करता है। योग से शरीर स्वस्थ होता है और स्वस्थ शरीर ही श्रेष्ठ मेधा का निर्माण करता है। श्रेष्ठ मेधा ही हमें एक बेहतर नागरिक के रूप में परिष्कृत करती है। शिवरतन शर्मा ने आगे कहा कि योग एक संपूर्ण विधा है, जो हमें शारीरिक और मानसिक रूप से एकजुट करता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से आज पूरा विश्व योग के महत्व को समझ रहा है। 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य' की थीम पर हुआ यह आयोजन वसुधैव कुटुंबकम की हमारी संस्कृति को दर्शाता है। कार्यक्रम के अंत में शिवरतन शर्मा ने समस्त योग प्रशिक्षकों, आयोजकों, योग साधकों एवं नगरवासियों को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, भाजपा नेता राकेश तिवारी, पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश मंत्री आशीष जायसवाल सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी, पार्टी पदाधिकारी, गणमान्यजन उपस्थित रहे।